
## स्पीड न्यूज

### 114 करोड़ से बनेगी सड़क : आलोक



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि डालटनगंज आरओबी नोर्थ कोयल पथ निर्माण सिरमा माइंस तक तकनीकी स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि रांची पथ निर्माण विभाग के केंद्रीय निरूपण संगठन के मुख्य अभियंता ने पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव को आवेदन देकर पथ प्रमंडल डालटनगंज पथ निर्माण के तकनीकी स्वीकृति की जानकारी दी है। योजना की कुल प्राक्कलित राशि 114 करोड़ 37 लाख 22 हजार 500 रुपये की तकनीकी स्वीकृति दी गयी है।

### बाबा वीर कुंवर धाम में बनेगा शौचालय



**चैनपुर पलाम।** शाहपुर स्थित बाबा वीर कुंवर धाम परिसर में रविवार को शौचालय भवन का शिलान्यास यादव महासभा के जिलाध्यक्ष सह अधिवक्ता लाल प्रसाद यादव ने किया। इसके पूर्व श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। श्री यादव ने कहा कि वीर कुंवर धाम परिसर में शौचालय नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसके बन जाने से समाज के लोगों को काफी सुविधा होगी। मौके पर संजय यादव, शिव प्रसाद यादव, बलदेव यादव, संदीप यादव, लाल बिहारी यादव, कामाख्या यादव, विनोद सिंह, प्रेमनाथ यादव, लक्ष्मण यादव, शैलेंद्र यादव भी थे।

### भंडार उवि में चलेगा कन्या प्रावि



**विश्रामपुर पलामू (महेंद्र प्रजापति)।** भंडार कन्या प्राथमिक विद्यालय को अपग्रेडेड उच्च विद्यालय में शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया। जहां शैक्षणिक कार्य को लेकर दो कमरा उपलब्ध कराया जायेगा। इस बावत कार्यालय के ज्ञापांक 284 दिनांक 23 जुलाई को विश्रामपुर बीईईओ महेंद्र प्रजापति ने दोनों विद्यालय के प्रभारी को पत्र निर्गत कर निर्देश दिया है। पत्र में निर्देशित किया गया है कि कन्या प्राथमिक विद्यालय का तीन कमरा पूरी तरह से जर्जर है। जहां कभी भी अप्रिय घटना हो सकता है। ऐसे में छात्रहित को देख विद्यालय शिफ्ट करने का निर्णय लिया। भंडार कन्या प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी को अपने विद्यालय की सामग्री अपग्रेटेड उवि में ले जाकर शैक्षणिक कार्य करने का निर्देश दिया गया है। दो कमरे उपलब्ध कराये गये हैं।

### मेला से समाज में बेहतर माहौल बनता है



**मेदिनीनगर।** शहर के कोयल नदी तट पर आयोजित श्रावणी झूलन मेला का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंहा ने सोमवार को फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सावन माह में मेला आयोजन की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। शहरी एवं ग्रामीण इलाकों के महिला, पुरुष, बच्चे काफी संख्या में मेला देखने आते हैं। ऐसे आयोजन से समाज में बेहतर माहौल तैयार होता है। मौके पर झामुमो जिला सचिव सन्नू सिदिकी, पूर्व वार्ड पार्षद राजकुमार गुप्ता उर्फ ट्विंकल, दीपू चौरसिया, मेला समिति के लवकुश, सुनील, मथुरा, झामुमो के राकेश सिन्हा, असफर रब्बानी, अनुराग, रमेश सिंह भी मौजूद थे।

### आइआरबी के जवान को सांप ने डंसा



**मेदिनीनगर।** नक्सल विरोधी अभियान में तैनात इंडियन रिजर्व बटालियन आईआरबी का कैंप झारखंड बिहार सीमा पर स्थित नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के डगरा पिकेट मे तैनात किया गया है। रविवार की रात में जवान सुदामा राम पिकेट का लाईट ऑन करने जा रहा था, इसी क्रम में एक सांप ने उसे डंस लिया। जिन्हें इलाज हेतु छतरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया। आईआरबी जवान नक्सल विरोधी अभियान में लगे हुए हैं। इसके पूर्व भी पिकेट में कई सांप देखे गये थे। इधर छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के सभी पिकेट के आसपास के साफ सफाई करने व पर्याप्त लाईट लगाने को कहा गया है।

### सिमडेगा को हराकर एमके डीएवी बना विजेता, प्रभात बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**मेदिनीनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में चल रही डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स की संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में 17 वर्ष आयु वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज की टीम ने डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा को 22-2 के अंतर से हराकर ट्राफी अपने नाम कर लिया। एमके डीएवी की टीम राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई कर गयी हैं। एमके डीएवी की टीम में प्रभात दुबे (कैप्टन), इशांत पांडे, अभिनव तिवारी, जय मंजस लकड़ा, प्रेम मेहता, कार्तिक त्रिपाठी, अंकित राज, अभिनव कुमार, अतुल्य तिवारी एवं हर्षित तिवारी शामिल थे। विद्यालय की 19 वर्ष आयु वर्ग की बास्केटबॉल बालिका टीम उपजेता रही।

### सड़क निर्माण नहीं होने से आम लोगों में है आक्रोश : ओंमकारनाथ



**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा में युवा और व्यावहारिक विधायक की जरूरत है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के नेता ओंकारनाथ जायसवाल ने कही। वे मनातू के ग्राम सिंहटूटा, कुशहा के दौरा करने के बाद लोगों से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक की। जिसमें ग्रामीणों की मूल समस्या घिरसीरी से कुशहा, सिंह टूटा तक सड़क नहीं बनने से आम लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि विधायक इस ग्राम में जाकर लोगों को आश्वासन दिये थे पर ऐसा नहीं हो सका।

---

पांकी विधायक ने विधानसभा में पूछा अल्पसूचित प्रश्न

## पांकी को अनुमंडल का दर्जा आखिर कब तक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अल्पसूचित प्रश्न विधानसभा में पूछे। विधायक ने कहा कि पांकी को अनुमंडल का दर्जा कब तक प्रदान किया जायेगा। उन्होंने प्रश्न के दौरान क्या यह बात सही है कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रशासनिक इकाइयों के सृजन/पुनर्गठन पर विचार करने हेतु गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक वर्ष-2019 से आज तक आहूत नहीं हो पाई है। क्या यह बात सही है, कि पलामू जिला अन्तर्गत प्रखंड पांकी, मनातू एवं तरहसी को मिलाकर पांकी को अनुमंडल बनाने हेतु आयुक्त, पलामू प्रमंडल एवं उपायुक्त, पलामू की अनुशंसा जनवरी-2019 में प्राप्त है। यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है। तो क्या सरकार खंड-2 में वर्णित प्रखंडों को मिलाकर पांकी को अनुमंडल का दर्जा देने का विचार रखती है। हां तो कब तक, नहीं तो क्यों? इसके जवाब में कहा गया कि अनुमंडल सृजन के लिए जिला के उपायुक्त के अनुशंसित प्रस्ताव पर प्रमंडलीय आयुक्त की अनुशंसा सहित प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात इसे प्रशासनिक इकाईयों के पुनर्गठन हेतू गठित उच्चस्तरीय समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किया जाता है। उक्त समिति की अनुशंसा के आलोक में नये अनुमंडल सृजन के बिंदु पर समीक्षोपरांत सरकार द्वारा निर्णय लिया जाता है।



डॉ शशिभूषण।

---

## पलामू के व्यवसायियों ने बैठक कर अरुणा शंकर के लिए मांगी टिकट

■ विजन युक्त काम की क्षमता और यूथ, व्यवसाइयों, बुद्धिजीवियों एवं महिलाओं में लोकप्रियता होगी जीत की गारंटी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के व्यवसायियों ने होटल शिवाय ब्लू में बैठक कर झारखंड भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हेमंत विश्व शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं भाजपा प्रदेश कमेटी से मांग की है कि मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर का कार्यकाल महापौर के रूप में काफी सराहनीय रहा।





टिकट की मांग को लेकर एकजुटता प्रदर्शित करते पलामू जिला के व्यवसायी।

**खास बातें :** 2 वर्ष कोरोना के बावजूद चंद समय में शहर का समुचित विकास के साथ शहर को सुसज्जित, सुव्यवस्थित कर शहर की एक नयी छवि गढ़ने में कामयाब रही, जिनके विजन को विरोधी भी स्वीकारते हैं। अगर इन्हें पार्टी डालटनगंज भंडरिया विस से चुनाव लड़ाती है तो निश्चित रूप से पूरे विधानसभा में एक नया बदलाव नजर आयेगा क्योंकि उनके पास विजन है। व्यवसाईयों ने कहा कि अरुण शंकर के पास जहां विजन युक्त काम करने की धुन है। वहीं यूथ, महिलाओं, बुद्धिजीवी वर्ग में उनकी लोकप्रियता चुनाव को कोई भी मोड़ दे सकता है। व्यवसाईयों ने कहा कि कोरोना काल में जब घर से लोग बाहर नहीं निकल रहे थे उस वक्त भी अरुणा बाहर निकल चेंबर की देखरेख में अपने निजी खर्च से निःशुल्क ऑक्सीजन बैंक खोल हजारों लोगों की जान बचायी, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। प्रथम महापौर शहर की पहली ऐसी नेत्री है जो अपने कार्यकाल खत्म होने के बाद भी जनहित में कई कार्य निजी स्तर से कर रही हैं। आज भी चौक-चौराहे, गांधी उद्यान, मरीन ड्राइव में जो हरियाली और सुंदर-सुंदर लाइट नजर आ रही है वह उनकी बदौलत है। उन्होंने अपने निजी खर्च से फॉगिंग मशीन मंगवा कर हर मोहल्ले टोलों में चलवाते रहती जिसकी सराहना होती है। व्यवसायियों ने जोरदार ढंग से मांग की है व्यवसाईयों को नजर अंदाज न कर अरुणा शंकर को प्रत्याशी बनायें।

---

जर्जर सड़क से लोगों को हो रही परेशानी, विधायक आलोक बोले

## डालटनगंज विस क्षेत्र से सौतेला व्यवहार बंद करे हेमंत सरकार

■ सड़क निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली तो जनता के साथ करेंगे आंदोलन

**प्रेम रंजन / मिन्हाज**

**चैनपुर/ मेदिनीनगर।** डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया एक बार फिर जनता की आवाज बनकर सामने आए हैं। उन्होंने चैनपुर थाना रोड के पुनर्निर्माण के लिए हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। यह सड़क झारखंड और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसकी दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। विधायक आलोक चौरसिया का यह संघर्ष न केवल उनके निर्वाचन क्षेत्र के लिए बल्कि दोनों राज्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

विधायक आलोक चौरसिया ने अप्रैल में ही चैनपुर थाना रोड के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव विभाग के माध्यम से कैबिनेट को भेजा था। इसके बावजूद कैबिनेट ने अभी तक इस प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी। सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि इसे केवल मरम्मत करने से काम नहीं होगा; इसके पुनर्निर्माण की जरूरत है। सड़क की दुर्दशा के कारण स्थानीय जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाते हुए सरकार पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया है। सरकार का यह रवैया उनके विस क्षेत्र के प्रति अन्यायपूर्ण है। स्थानीय जनता, जिनकी समस्याओं को विधायक ने हमेशा प्राथमिकता दी है, अब उनके साथ इस संघर्ष में खड़ी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विधायक आलोक



चौरसिया इस मुद्दे को न उठाते तो शायद सरकार इस सड़क की दुर्दशा को नजरअंदाज कर देती। विधायक और स्थानीय लोगों का आक्रोश अब चरम पर है। विधायक ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कैबिनेट इस सड़क के पुनर्निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं देती, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को अपने सौतेले व्यवहार को छोड़ डालटनगंज-मंडरिया विस क्षेत्र की जनता से माफी मांगनी पड़ेगी। यह चेतावनी न केवल सरकार के लिए एक गंभीर संदेश है, बल्कि यह दशार्ती है कि विधायक आलोक चौरसिया जनता के हितों के प्रति कितने समर्पित हैं। विधायक ने कहा कि चैनपुर थाना रोड का पुनर्निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सरकार पथ पुनर्निर्माण कराने की मांग की है।

---

## ट्री मैन डॉ कौशल व मुखिया ने पौधरोपण कर कटहल बगान का किया शुभारंभ

■ विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर देश के तमाम लोगों को पौधा लगाने व उसे संरक्षित करने का लेना होगा संकल्प : डॉ कौशल, मुखिया पूनम

■ पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल ने प्रकृति को बचाओ अभियान के तहत 1967 से अब तक निजी भूमि पर किया छठा बागान विकसित




प्रकृति की पूजा करते, वृक्षों पर रक्षाबंधन व पौधा लगाते पर्यावरणविद मुखिया व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** विश्व प्रकृति दिवस पर ट्री मैन ऑफ झारखंड व विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने अपनी धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल एवं प्रकृति प्रेमियों के साथ दिवस को यादगार बनाने के लिए प्रभात फेरी निकाली।

इसके बाद कौशल नगर में करीब डेढ़ एकड़ अपनी निजी जमीन पर पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के साथ कटहल का पौधा लगाकर कटहल बगान का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कहा कि सोचो साथ क्या जायेगा, एक पेड़ लगाओगे तो दस पीढ़ी तर जायेगा। पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए उन्होंने कहा कि प्रकृति से केवल लेना नहीं देना भी सीखें। इस दौरान उन्होंने बताया कि वे अपने जन्मभूमि पर 1967 में 7.72 ए 2001मे कुटिया पर 27 ए 2015 में कौशल नगर में 2 ए में पार्क और आज कौशल नगर में 1,5 ए में कटहल बगीचा लगा कर प्रकृति संरक्षण दिवस को यादगार बनाया है। कहा कि इसमें काबोर्हाइड्रेट प्रोटीन डाइटरी, फाइबर और फैट जैसे पोषक तत्व भी अधिक पाये जाते हैं। पर्यावरणविद डॉ कौशल, मुखिया पूनम, उप मुखिया नगीना खातून और महजन यादव ने प्रकृति की पूजा अर्चना भी की।

---

## पलामू में चौकीदार भर्ती पर विधायक कमलेश सिंह ने उठाया सवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ विधायक कमलेश ने अनुसूचित जाति आरक्षण शून्य करने का मामला विधानसभा में उठाया



**हुसैनाबाद पलामू।** पलामू जिला में चौकीदार की सीधी भर्ती में अनुसूचित जाति को आरक्षण का लाभ नहीं दिए जाने पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा में सोमवार को आवाज बुलंद की। वह लगातार इस मामले को लेकर आवाज उठाने का काम कर रहे हैं।

मालूम हो कि पलामू जिले में चौकीदार के पदों पर सीधी भर्ती के लिए उपायुक्त द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2024, दिनांक 02 जुलाई 2024 प्रकाशित किया है, जिसमें चौकीदार के 156 पदों की भर्ती की जानी है। इस विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण को शून्य कर देने पर विवाद उत्पन्न हो गया है। इस मामले को लेकर सोमवार को हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह के विधानसभा में पूछे गये अल्पसूचित प्रश्न संख्या-26 के उत्तर में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। पलामू जिले में उपायुक्त ने चौकीदार के 156 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया है।

---

## आगामी विस चुनाव में विधायक पुष्पा देवी को समर्थन देगा जनसंघर्ष मोर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ विधायक के किये गये विकास कार्य धरातल पर दिखता है : मनोज कुमार



**पाटन पलामू।** जन संघर्ष मोर्चा की बैठक किशुनपुर ग्रामीण बैंक के परिसर में की गयी। बैठक की अध्यक्षता जनसंघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उमेश सिंह ने की व संचालन शैलेश मेहता ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मनोज कुमार उपस्थित थे।

बैठक में कहा गया कि विधायक पुष्पा देवी ने अपने विधायकी कार्यकाल में बिजली, पानी, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क समेत कई क्षेत्र में सर्वांगीण विकास किया है। मौके पर विधायक पुष्पा देवी के किये गये कार्य को देखते हुए जनसंघर्ष मोर्चा ने आगामी विधानसभा चुनाव में अपना समर्थन देने का घोषणा की। बैठक में जनसंघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उमेश सिंह ने कहा कि विधायक पुष्पा देवी ने कम समय में पाटन छतरपुर का जितना विकास किया उतना कोई जनप्रतिनिधि ने नहीं किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में बहुत बहुरुपिये लोग आयेंगे लेकिन उनके जाल में नहीं फंसना है।

---

### पाटन छतरपुर विधायक प्रत्याशी चंद्रमा ने किया दौरा



**पाटन पलामू।** पाटन छतरपुर विस प्रत्याशी चंद्रमा कुमारी ने पाटन प्रखंड के किशुनपुर, सुंठा, करर, काला पहाड़, इमली सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस क्रम में चंद्रमा ने जनता से मिलकर बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मुलभूत समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। आगामी विस चुनाव में वैसे प्रत्याशी को वोट करें जो आपके बीच रहकर आपकी समस्याओं का निदान करे। कहा कि अगर जनता का आशीर्वाद हमें मिलेगा तो पुरे पाटन छतरपुर विधानसभा में विकास का गंगा बहायेंगे।

### दिव्या को कबड्डी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान



**सतबरवा पलामू।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स की संकुल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सतबरवा की दिव्या गोस्वामी ने द्वितीय स्थान लायी। दिव्या के द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर शिक्षिका अर्पणा कुमारी ने बधाई देते हुए कहा कि दिव्या प्रतिभावान छात्रा है। वह पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हालांकि इसका चयन किसी कारणवश नहीं हो रहा था, लेकिन मेरे निवेदन पर गोस्वामी का चयन हुआ और टीम के लिए एक वरदान साबित हुई। अगर आज यह टीम में नहीं होती तो शायद कबड्डी टीम में विजेता होना संभव नहीं था। वहीं दिव्या गोस्वामी ने कहा कि पूरी लगन, मेहनत के साथ खेल को खेलती हूं। मेरी रूचि खेल में है। अगर मुझे मौका मिला तो देश के लिए खेलना चाहूंगी। अपनी पुत्री की सफलता पर मुकेश गोस्वामी ने कहा कि बेटी पूरी स्वतंत्रत है, उसे जिस क्षेत्र में रूचि है उस क्षेत्र में हम सहयोग करेंगे।

### बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी



**चैनपुर पलामू।** एसएलए पब्लिक स्कूल शाहपुर में फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन की सामान्य बैठक की गयी। जिसमें व्यापार के सभी क्षेत्र से जुड़े सदस्य व्यापार में हो रही समस्याएं रखी, जिस पर विचार विमर्श किया गया। कहा गया कि बिजली की अव्यवस्था से सबसे अधिक परेशानी व्यापारियों को हो रही है पावर कट एवं वोल्टेज फ्लकचुएशन के चलते व्यापार में लगे इक्विपमेंट आए दिन खराब होते रह रहे हैं। जनरेटर और सोलर के भरोसे व्यापार संभाल पा रहे हैं शहरी क्षेत्र हो चाहे ग्रामीण क्षेत्र अंधेरा का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व चोरी जैसी घटनाओं को आए दिन अंजाम देने मे सक्रिय है। ट्रैफिक व क्राइम की समस्या में वृद्धि हुई है। क्षेत्र की खास महल जमीन का लीज नवीनीकरण राजनीति मुद्दा तो बना रहता है।

---

## उपायुक्त ने डायन प्रथा उन्मूलन को लेकर जागरूकता रथ को किया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ लोगों को डायन अधिनियम की दी जायेगी जानकारी



**मेदिनीनगर।** जिले में डायन कुप्रथा की पूर्ण समाप्ति के उद्देश्य से सोमवार को उपायुक्त शशि रंजन, डीडीसी शब्बीर अहमद, उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने हरी झंडी दिखाकर दो जागरूकता रथ रवाना किया। इस रथ से डायन कुप्रथा उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक किया जायेगा। जागरुकता रथ पलामू के सभी प्रखंडों, प्रमुख चौक-चौराहों एवं हाट-बाजारों में ऑडियो से लोगों को जागरूक करेगी। डीसी ने कहा कि डायन प्रथा एक अंधविश्वास है और इसे जड़ से खत्म करने की जरूरत है। कहा कि शिक्षा व जागरूकता के अभाव में लोग इस अंधविश्वास की ओर चले जाते हैं इसी के चलते यह रथ रवाना किया जा रहा है।

### सदगुरू सदाफल देव विहंगम योग संत समाज की बैठक

**मेदिनीनगर।** सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संत समाज की पलामू जिलास्तरीय बैठक हुई। स्थानीय स्टेशन रोड स्थित गोविंद भवन की बैठक में संस्थान के पदाधिकारियों एवं सेवा प्रभारियों ने भाग लिया। अतिथियों ने सदगुरुदेव की तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद दीप जलाया। बैठक में ब्रह्मविद्या के प्रचार-प्रसार एवं आश्रम से जुड़े सेवा कार्यों की समीक्षा की गयी। रांची के प्रभात तारा मैदान में 22 व 23 अगस्त को विहंगम योग के प्रणेता महर्षि सदाफल देव जी महाराज की जयंती मनायी जायेगी।

## सीयूईटी 2024: ऑक्सफोर्ड की सानिया ने स्थापित किया ऐतिहासिक कीर्तिमान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट 2024 में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर पलामू की छात्रा सानिया फातिमा 2024 सीबीएसई (बारहवीं) की वार्षिक परीक्षा 95 प्रतिशत अंक लेकर पलामू प्रमंडल में टॉपर रही है। यह विद्यालय के कला संकाय की प्रथम बैच की छात्रा है। सी.यू.ई.टी. 2024 की परीक्षा में कुल अंक 800 में 724 प्राप्तांक लाकर ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित की है, जिसका विवरण इस प्रकार है - अंग्रेजी 148/200, राजनीति विज्ञान - 200/200, इतिहास-194/200, मनोविज्ञान-182/200 विद्यालय के वाणिज्य संकाय की छात्रा आकांक्षा गुप्ता भी सीयूईटी 2024 में 684/800 लाकर अच्छा प्रदर्शन की है, जिसका विवरण इस प्रकार है - अंग्रेजी 152/200 एकाउंटेंसी - 182/200, बिजनेस स्टडीज - 200/200, अर्थशास्त्र - 152/200।

---

## महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की प्रयोगशाला का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी पलामू।** तरहसी के सुखदेव सहाय मधेश्वरा सहाय डिग्री महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन महाविद्यालय के सचिव सुनील सहाय एवं जी वी शिक्षाविद सदस्य डॉक्टर प्रकाश वर्मा के हाथों संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर सचिव सुनील सहाय ने कहा कि तरहसी परी क्षेत्र में स्थित सुखदेव सहाय मधेश्वरा सहाय डिग्री महाविद्यालय दिन प्रतिदिन नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं सरकार एवं एन पी यू के सहमति से सत्र 2024 /2028 के लिए विज्ञान संकाय में पढ़ाई करने के लिए मान्यता मिली है, इसमें नामांकन भी जारी है जो तरहसी के लिए गर्व की बात है, अब इस इलाके के छात्र-छात्राओं को स्नातक स्तर की विज्ञान की पढ़ाई के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। वर्तमान समय में महाविद्यालय में लगभग 4000 छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। मौके पर प्रभारी प्राचार्य प्रभाकर ओझा व्याख्याता डॉ अरुण कुमार तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, संतोष अग्रवाल, अंजनी नंदन पाठक, बजरंग प्रसाद गुप्ता, न्याज अहमद, तनवीर, श्रुति कुमारी अनमोल राज सहित कई कर्मी उपस्थित थे।



प्रयोगशाला का उद्घाटन करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

---

## पाटन प्रखंड के व्यवसाय संघ की बैठक में की गयी विधायक के कार्यों की समीक्षा

■ सदस्यों ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में रखे विचार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** व्यवसाय संघ की बैठक पाटन हाई स्कूल के प्रांगण में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार को व्यवसायी संघ द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक में पाटन प्रखंड के लगभग तीस गांव के लोगो ने भाग लिया। कार्यक्रम में समस्यायों और उपलब्धियों को सिलसिलेवार ढंग से रखा जिसका समर्थन सभी लोगो ने किया। बैठक में ग्रामीण विकास, सरकारी योजनाओं का लोगो तक पहुंच, प्रकृति संरक्षण, लॉ एंड ऑर्डर से लेकर आगामी विधान सभा चुनाव तक की चर्चा हुई। लोगों ने विधायक के कार्यों की समीक्षा भी की और तय किया की पिछले सभी विधायकों से विधायक पुष्पा देवी का कार्यकाल उत्कृष्ट रहा है। व्यवसाय संघ की कोर कमेटी ने कहा कि विधायक पुष्पा देवी की सर्व सुलभता और विकास कार्यों की प्रति प्रतिबद्धता अभूतपूर्व है।



समीक्षा बैठक में शामिल व्यवसाय संघ के लोग।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में सेमरी पूर्व मुखिया शिव शंकर प्रसाद, बबल साह, जमुना प्रसाद, जंघासी मुखिया पति मुकेश सिंह, पूर्व मुखिया विशेष पासवान, अशोक तिवारी, बबलू उपाध्याय, श्रमण मिश्र, प्रेम प्रसाद, मनोरंजन प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, कामता सिंह, नवलेश सिंह, नागेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, आशीष सोनी, आलोक कुमार, सुमित कुमार, ओम प्रकाश, गोलू प्रसाद, रवि राज, राधे श्याम मेहता, गौतम सिंह, टहल भुइयां, शेषनाथ प्रसाद, मनीष सिंह, अंकुर सिंह, मोहन पासवान, राजनाथ प्रसाद, राज किशोर प्रजापति आदि भी थे।

## स्पीड न्यूज

### जिले के दो लोग हुए सर्पदंश का शिकार

**लोहरदगा।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सांप काटने से दो लोग गंभीर हो गए। दोनों को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर दोनों का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के कड़ाक गांव निवासी स्वर्गीय नरेंद्र यादव के 24 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार यादव खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान सूरज को सांप ने काट लिया। इसके बाद उन्होंने परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने तत्काल मोटरसाइकिल से सूरज को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर सूरज का इलाज किया जा रहा है। दूसरी घटना लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डांडू गांव में हुई है। जहां पर बाबूलाल टोप्पो के पुत्र नितिन टोप्पो को सांप ने काट लिया। नितिन घर में सोया हुआ था। इसी दौरान नितिन को सांप ने काट लिया। इसके बाद नितिन ने घर वालों को इसकी जानकारी दी।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत पझरी गांव में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, सर्दी-खांसी के 130 मरीज का निशुल्क जांच किया गया। साथ ही निशुल्क दवा वितरण किया गया। मौके पर डा. ओम कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है।

### भूलवश महिला ने किया कीटनाशक का सेवन

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के बरहीडीपा गांव की रहने वाली एक महिला ने भूलवश कीटनाशक का सेवन कर लिया। इसके बाद महिला की स्थिति गंभीर हो गई। महिला को इलाज के लिए तत्काल लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर महिला का इलाज चल रहा है। महिला की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। महिला की पहचान लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के बरहीडीपा निवासी हीरालाल महतो की 19 वर्षीय पत्नी प्रिया देवी के रूप में हुई है। प्रिया ने भूलवश कीटनाशक का सेवन कर लिया था। इसके बाद प्रिया ने तबीयत बिगड़ने पर खुद ही घर वालों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद प्रिया को मोटरसाइकिल से इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया।

### जहरीला पदार्थ खाने से बच्ची हुई बीमार

**लोहरदगा।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र के कोकर पुरनाडीह गांव में एक बच्ची ने खेल-खेल में जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद बच्ची की हालत बिगड़ गई। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तो बच्ची को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर बच्ची का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के कोकर पुरनाडीह गांव निवासी विनोद उरांव की डेढ़ वर्षीय पुत्री परी उरांव घर में खेल रही थी। इसी दौरान उसने घर में रखे हुए किसी जहरीले पदार्थ को खा लिया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जुड़कर महिलाएं लाभ उठाएं: डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



दीप प्रज्जवलित कर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते डीडीसी व अन्य

**गुमला।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर सोमवार को सामाजिक सुरक्षा कोषांग के द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन गुमला में किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन संबंधी विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो शामिल हुए। मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से महिलाएं जुडे और योजना का लाभ प्राप्त करें। बता दें कि इस योजना के तहत सभी वर्ग की 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपया प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को सफल बनाने हेतु 03 से 10 अगस्त तक जिले के सभी पंचायतों, वार्डों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर से पहले सभी आंगनबाड़ी सेविका को विभाग द्वारा आवेदन पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। सेविका अपने पोषण क्षेत्र की 21 से 50 वर्ष की योग्य महिलाओं को निःशुल्क आवेदन पत्र भरवाएगी। भरे हुए आवेदन पत्रों को विशेष शिविर के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। यह आवेदन पत्र सभी प्रखंड कार्यालय, पंचायत कार्यालय में भी उपलब्ध होंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक एवं जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग ने बताया कि आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ कई अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न की जाएगी। आवेदिका का मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, आधार लिंकड बैंक खाता का पासबुक आवेदिका का सिंगल बैंक एकाउंट, रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, राशन कार्ड पात्रता संबंधी घोषणा पत्र मोबाइल नंबर शामिल है। झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए पात्रता झारखड के निवासी, आवेदन के समय महिला 21 वर्ष की आयु पूर्ण हो और 50 वर्ष से कम आयु की हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता अगला हो, वर्तमान में जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड है, वे भी इस योजना का लाभ दिसंबर 2024 तक उठा सकते हैं। कार्यक्रम में सीडीपीओ,महिला पर्यवेक्षिकाओं, प्रखंडों के कंप्यूटर ऑपरेटर,सभी सीएससी मैनेजर, नगर परिषद के कर्मियों एवं पंचायत सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक ललन कुमार रजक, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुशील कुमार, एलडीएम गुमला, सीएससी मैनेजर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## लोहरदगा युवा कांग्रेस ने हर घर खटाखट कार्यक्रम की शुरूवात की



कार्यक्रम में शामिल युवा कांग्रेसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** प्रदेश युवा कांग्रेस के निदेर्शानुसार हर घर खटाखट एवं पंचायत चलो वार्ड चलो कार्यक्रम की जिला स्तरीय शुरूआत लोहरदगा युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग के नेतृत्व एवं आईवाईसी कॉर्डिनेटर सत्यव्रता दास की उपस्थिति में की गई। कार्यक्रम में झारखंड गठबंधन सरकार द्वारा साढ़े चार सालों में किए गए कल्याणकारी कार्यों के संकलन पोस्टर एवं फॉर्म को विमोचित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए आईवाईसी कॉर्डिनेटर सत्यव्रता दास ने कहा की हर घर खटाखट कार्यक्रम के माध्यम से युवा कांग्रेस के साथी गण बीते साढ़े चार सालों में झारखंड सरकार द्वारा जनता के कल्याण के लिए किए गए कार्यों को लेकर वार्ड में, पंचायत में ग्रामीणों के द्वार तक पहुंच कर दस्तक देंगे और आमजनों तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा की वर्तमान गठबंधन सरकार के द्वारा सभी वर्गों युवा, महिला, बुजुर्ग किसान, मजदूर, पिछड़े सभी के विकास के लिए बेहतर कार्य किया गया है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास कार्य पहुंचा कर मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया है।

## दूसरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

टांगीनाथ धाम व देवाकी बाबा धाम में पूजा अर्चना के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



टांगीनाथ धाम में पूजा अर्चना करते लोग



दूसरी सोमवारी पर पूजा अर्चना हेतु मंदिर परिसर में लगी भीड़

**गुमला।** सावन माह के दूसरी सोमवारी पर जिले के शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए पवित्र सरोवरों से जल उठाकर विभिन्न स्थानों पर शिवलिंग में जलाभिषेक के लिए पहुंचे थे। शिवालयों में जलाभिषेक के लिए दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालु कतार बद्ध तरीके से मंदिरों में जलाभिषेक किया और स्वयंभू भगवान भोलेनाथ को नारियल, बेलपत्र, भांग, ईलाईचीदाना व अन्य प्रसाद चढ़ाकर भोग लगाया। जिले के प्रसिद्ध बाबा टांगीनाथ धाम में अहले सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। दूसरी सोमवारी पर टांगीनाथ धाम में छतीसगढ़ राज्य सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

वहीं दूसरी ओर घाघरा प्रखंड का देवाकी बाबा धाम में भी अहले सुबह से पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर स्थित नदी में हजारों भक्तों ने पवित्र डूबकी लगाकर वहां से जल उठाकर शिवलिंग में जलाभिषेक किया। देवाकी बाबा धाम में पूजा अर्चना के लिए लोहरदगा, गुमला सहित कई जिलों से लोग वाहनों में सवार होकर पहुंचते हैं। शिवलिंग में जलाभिषेक कर भक्त ने अपनी मनोकामना पूर्ति का वरदान स्वयंभू भगवान भोलेनाथ से मांगी। वहीं शहर के करमटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर, पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर, रौनियार मंदिर, घाटो बगीचा स्थित महावीर मंदिर, विंध्याचल नगर स्थित पंच शिव शक्ति मंदिर आदि स्थानों पर भी अहले सुबह से ही भक्तों की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ी थी। इन मंदिरों में सबसे अधिक भीड़ महिलाओं की देखी गई। वहीं करमटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में कतार बद्ध तरीके से बारी-बारी से भक्तों ने शिवलिंग में जलाभिषेक किया। इसके अलावे जिले के कामडारा प्रखंड स्थित शिव मंदिर, बसिया के शिवमंदिर, विशुनपुर के शिवमंदिर, भरनो प्रखंड के शिवमंदिर, जारी प्रखंड के शिवमंदिर व चैनपुर प्रखंड के शिव मंदिर में दूसरी सोमवारी के अवसर पर पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। पालकोट प्रखंड के ऋषि मुख पर्वत व सिसई प्रखंड के नगर स्थित प्राचीन शिवमंदिर में भी दूसरी सोमवारी पर पूजा अर्चना के लिए लोगों की भीड़ लगी रही।

## पूरी से अयोध्या के लिए साइकिल से निकल पड़े वासुदेव प्रधान

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** वैसे तो दुनिया में भगवान राम के एक से बढ़कर एक भक्त है जो भगवान राम के लिए कुछ भी कर सकते है। एक ऐसा ही भगवान राम का भक्त उड़ीसा पुरी के रहने वाले वासुदेव प्रधान है जो भगवान राम के दर्शन के लिए साइकिल से ही 1171 किलोमीटर की दूरी नापने निकल पड़े है।

पवित्र सावन माह के शुभारंभ के साथ ही 22 जुलाई को पुरी से साइकिल यात्रा करते हुए 561 किलोमीटर तय कर सोमवार को लोहरदगा पहुंचे। इस दौरान लोहरदगा के सामाजिक कार्यकताओं से शंख नदी के पास उनकी मुलाकात हुई।

### अबुवा आवास को लेकर जैरागी पंचायत की महिलाओं ने खोला मोर्चा

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के जैरागी पंचायत की महिलाओं ने अबुआ आवास योजना में अनियमितता को लेकर मुखिया के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिसे लेकर सोमवार को जैरागी गांव की दर्जनों महिलाओं ने बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि मुखिया इग्नासियुस मिंज अपने पुत्र असीक मिंज के नाम पर अबुआ आवास का लाभ लिया है और योजना में काफी गड़बड़ी की है। महिलाओं ने कहा कि आबुआ आवास क्रियान्वयन में भारी अनियमितता जैरागी पंचायत में बरती जा रही है।

### ग्रामीण विकास मंत्री व सचिव से जल्द मिलेगा संघ का प्रतिनिधि मंडलः शिवदेव

**गुमला।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर सोमवार को आठवें दिन भी जिले के मनरेगा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। इस दौरान मनरेगा कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में जुलूस भी निकाला। जिसके बाद कचहरी परिसर पहुंचकर हड़ताल पर बैठ गये। मौके पर मनरेगा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शिवदेव लोहरा ने कहा की ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी एवं ग्रामीण विकास सचिव से मिलने हेतु प्रदेश स्तर पर एक टीम बनाई गई है।

## सरकार की लाख शख्ती के बावजूद यहां बिना दलाल के एक काम कराना भी नामुमकिन

राहुल चौधरी




कुडु अंचल कार्यालय

**कुडू- लोहरदगा ।** वैसे तो अंचल में दाखिल- खारिज, जमाबंदी सुधार, वंशावली बनाने सहित अन्य राजस्व कार्यों की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद भ्रष्टाचार और अनियमितता के लगातार आरोप लगते रहे हैं। इन सब के बीच कुडू अंचल में आज भी सरकार और सरकार के तमाम आदेशों को धता बताते हुए एक अलग प्रक्रिया अपनाई जा रही है। यहां आज भी बिना किसी दलाल के कोई भी काम करवाना अब भी बड़ी बात मानी जाती है। हालांकि सुविधा देने का प्रयास भी होता रहा है इसी लिए हर काम के लिए दलालों ने रेट निर्धारित कर रखा है। जिससे लोगों को ज्यादा परेशानियों का सामना न करना पड़े। सूत्रों की माने तो दलाल बताते हैं कि उनकी पहुंच सीधे अंचल कार्यालयों के अंदर तक है। इस लिए बिना चढ़ावा चढ़ाये तो राई मात्र काम कराना भी मुश्किल है। इन सब के बीच बेचारी आम जनता बेवजह पिस रही हैं। कुछ भुक्तभोगियों का कहना है कि कई मामलों में तो जमीन विवाद की सुनवाई करने के बाद अंचल अधिकारी ने ठीक तरीके से कागजात देखना और दोनों पक्षों की बातें सुनना भी ठीक नहीं समझा जाता है। ऐसे में बेवजह समय, पैसे और मेहनत की बबार्दी हुई। साथ ही न्यायालयों पर भी बेवजह भार पड़ा। बताते चलें कि वर्ष 2024 - 2025 में दाखिल खारिज के 199 ऑनलाइन आवेदन है, जिनमे 16 मामलों का दाखिल खारिज किया गया है।

138 मामले अभी भी पेंडिंग है। 35 दाखिल खारिज के मामले को त्रुटि के कारण रिजेक्ट किया गया है। अब बात यहां आती है की अप्रैल से लेकर जुलाई महीने तक चार महीने में सिर्फ और सिर्फ 16 दाखिल खारिज ही लिए गए है। जो अंचल की अत्याधिक धीमी गति को दशार्ता है। और इतनी लेटलतीफी की वजह भी लोगों को सहज ही समझ मे आ रही है।

11से 12 बजे तक नही रहते है कर्मी : जिले के उपायुक्त से मिलना हो तो 10 बजे तक मिल सकते हैं लेकिन कुडू अंचल में 12 से पहले कोई उपाय नही। वैसे तो कार्यालय के खुलने का समय 9 बजे सुबह निर्धारित है पर कार्यालय खुलने के दो तीन घण्टे तक पूरे परिसर में सिर्फ जरूरतमंद लोगो ही चहलकदमी करते दिखाई देते हैं। अंचल कर्मी एवं पदाधिकारी 12 बजे तक कार्यालय पहुंचते है। कुल मिलाकर लोगों को अपना काम करवाने के लिए दिन भर अंचल की खाक छानना पड़ता है। खारिज मामले में ऑनलाइन आवेदन के बावजूद कागजात मांगने के नाम पर आवेदक को अंचल कार्यालय के चक्कर लगवाये जाते है।

### भाकपा माले विधानसभा चुनाव जीतने के लिए मजबूती से लड़ेगी : विजय

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार की आवश्यक बैठक पार्टी नेता शिवप्रसाद साहू की अध्यक्षता में सोमवार को गुमला स्थित पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक सह माले के प्रमंडल प्रभारी विजय सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव जीतने के लिए माले लड़ेगी। जिसकी तैयारी गुमला जिला में शुरू कर देने की बात पार्टी व झारखंड नवनिर्माण दल के नेताओं से की है । श्री सिंह ने देश में चल रहे किसान आंदोलन की चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एमएसपी लागू नहीं कर किसानों से वादा खिलाफी कर रही है।

### आजसू नगर कमेटी का किया गया गठन

**गुमला।** आजसू पार्टी नगर कमेटी की बैठक नगर संयोजक श्री चन्दन कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय सचिव सह सिमडेगा प्रभारी श्री गोपीनाथ सिंह एवं केंद्रीय सचिव गुमला विधानसभा प्रभारी श्री बोनी कुजूर उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से नगर कमेटी का विस्तार किया गया। बैठक में मुख्य रूप से गोलू श्रीवास्तव, प्रवीण होता, दीप्ति कुजूर, रमेश उरांव, पिंकी कुजूर के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर में

### जय श्री राम समिति ने मोटरसाइकिल से भव्य कावड़ यात्रा निकाली

**लोहरदगा।** श्रावण मास को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह चरम पर है। लोहरदगा वासी भोलेनाथ की आराधना में डूबे नजर आ रहे हैं। वहीं शहरी क्षेत्र में सावन की दूसरी सोमवारी को जय श्री राम समिति द्वारा मोटरसाइकिल से भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। जो लोहरदगा शहरी क्षेत्र के बरवाटोली स्थित दुर्गा मंदिर से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए लोहरदगा जिला के भंडरा प्रखंड में स्थित प्राचीन शिव मंदिर अखिलेश्वर धाम पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया कावड़ यात्रा को लेकर लोगो मे काफी उत्साह देखा गया। लोग नाचते गाते अखिलेश्वर धाम के लिए रवाना हुए। हजारों की संख्या में लोगो ने इस मोटरसाइकिल कावड़ यात्रा में शामिल होकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस मौके पर जय श्री राम समिति के सुषमा सिंह ने कहा सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर लोगो में काफी उत्साह है इसी को देखते हुए जय श्री राम समिति की ओर से विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई है।

### कीटनाशक के सेवन से बच्चा हुआ गंभीर

**लोहरदगा।** जिले के बगडू थाना क्षेत्र के निरहू नवाटोली गांव में एक बालक ने भूलवश कीटनाशक का सेवन कर लिया। इसके बाद बालक की स्थिति गंभीर हो गई। बालक को परिजनों ने इलाज के लिए तत्काल लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर बालक का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बगडू थाना क्षेत्र के निरहू नवाटोली गांव निवासी प्रमोद उरांव के 12 वर्षीय पुत्र अंकित ने भूलवश कीटनाशक का सेवन कर लिया था। अंकित को पेट में तेज दर्द होने लगा। इसके बाद उसने घर वालों को बताया। घरवालों ने उसे तत्काल इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया।

### 31 सामुदायिक वनाधिकार पट्टा की दी गई स्वीकृति

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में वनाधिकार अधिनियम से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अनुमण्डल स्तरीय समिति से अग्रसारित कुल 31 सामुदायिक वनाधिकार पट्टा और शेष व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टा के मामलों पर चर्चा की गई और जिला स्तरीय समिति की बैठक में सर्वसम्मति से मामलों को पारित किया गया। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उरांव व समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### शंख नदी से बड़ा तालाब शिव मंदिर तक निकाली गई कावड़ यात्रा

**लोहरदगा।** पवित्र सावन माह के द्वितीय सप्ताह में बजरंग दल अमला टोली के द्वारा शंख नदी से बड़ा तालाब शिव मंदिर तक कावड़ यात्रा निकाली गई। सैकड़ो महिलाएं एवं युवाओं ने इस यात्रा में शामिल होकर हर-हर महादेव के जय घोष के साथ कावड़ शोभा यात्रा को संपन्न कराया। मंदिर समिति के संरक्षक राजेंद्र खत्री एवं उनके परिवार के द्वारा कावड़ यात्रा में आए सभी शिव भक्तों के बीच खीर, केला एवं पानी का वितरण किया गया। आचार्य देवेंद्र तिवारी एवं शशि तिवारी ने पूजा संपन्न कराकर कावड़ यात्रा की शुभारंभ कराया। शोभा यात्रा में आजसू पार्टी के नेत्री नीरू शांति भगत, सूरज अग्रवाल,केंद्रीय महावीर मंडल के रोहित साहू,चंदन अग्रवाल मुक्ति धाम समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता उर्फ मन्ना, ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ मुन्ना मंदिर कमेटी के विजय खत्री, संजय खत्री, नीरज खत्री सभी अपने परिवार के साथ शामिल थे बजरंग दल अमला टोली के अध्यक्ष राजकुमार साहू, सचिव गोपाल प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष सनी कुमार साहू, कोषाध्यक्ष गुड्डु साहू, संरक्षक लालू साहू बजरंग दल परिवार के बजरंग साहू, रंजीत विश्वकर्मा , परमानंद साहू , सचिन कुमार साहू, सहित महिला एवं पुरुष शामिल थे।

### पानी में डूबा अज्ञात युवक का शव बरामद

**कुडू।** कुडू थाना क्षेत्र के काकरगढ़ पंचायत अंतर्गत लापुर एवम चीरना गांव सिमाना पर खेत में बने गड्ढे में जमे बारिश के पानी में अज्ञात युवक का शव बरामद। ग्रामीणों ने बताया की बीते शाम करीब 6 बजे किसान खेत से वापस हो रहे थे तो उन्होंने गड्ढे के पानी में शव को देखा। जिसके बाद कुडू थाना को इसकी जानकारी दी गई। युवक की पहचान नहीं हो पाई पर युवक लोहरदगा कुरेशी मुहल्ला का बताया जा रहा है। मौत के कारण का पता नही चल पाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा भेज दिया गया है।

### जारी प्रखंड के डुम्बरपानी गांव का उपायुक्त ने किया दौरा

**गुमला।** जारी प्रखंड के गोबिदपुर पंचायत के आदिम जनजाति गाँव डुम्बरपानी सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी बाईक से पहुँचे और कोरवा जनजाति के लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। डीसी के आगमन पर कोरवा जनजाति के लोग ढोल नागाड़ा से उनका स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुँचाया। ततपश्चात डीसी एकं आगुन्तक आतिथियों को पत्ता से बने माला एवं टोपी पहनकर स्वागत किया गया। इस दौरान गांव के राजेन्द्र कोरवा ने डीसी के समक्ष बिजली, पानी, रोड आदि की समस्या रखी गयी और डीसी से आग्रह करते हुए कहा कि डुम्बरपानी गाँव में मूलभूत आवश्यकताओं के समाधान की गुहार लगायी। वहीं ग्रामीणों ने अपने व्यक्तिगत समस्या से भी डीसी को अवगत कराया। तत्पश्चात डीसी के द्वारा आदिम जनजाति के एक एक लोगो की समस्या सुनते हुए कहा कि अब चिन्ता करने की बात नहीं है। अब डुम्बरपानी गाँव के लोगों को सोलर प्लांट बनाकर लाईट की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि डुम्बरटोली से लेकर डुम्बरपानी गाँव तक रोड का निर्माण किया जाएगा। रोड का टेन्डर हो चुका हुआ बरसात के बाद रोड का काम चालू हो जाएगा। वहीं वृद्धा पेंशन,बिरसा आवास उज्वला योजना आदि का लाभ नहीं मिलने की शिकायत पाकर डीसी के द्वारा बीपीआरओ महिन्द्र उराँव को निर्देश देते हुए कहा कि सभी का नाम लिखे और उनलोगों को इसका लाभ दें। आदिम जनजाति गाँव के लोग डीसी के आगमन से खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि हमारे गाँव मे आइएस अधिकारी पहुँचे हैं।

### उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**गुमला।** रेफरल अस्पताल बसिया के सभागार में स्वास्थ्य विभाग एवं सेन्टर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के सयुंक्त तत्वाधान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सहिया को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, किशोरावस्था का महत्व, किशोरों द्वारा स्वास्थ्य सेवा लेने में वर्तमान चुनौती समाधान एवं सेवा प्रदाता की भूमिका के विषय पर जानकारी दिया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उदघाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय लकड़ा एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक संदीप साहू ने किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि किशोरों को हमें स्वास्थ्य सेवा से जोड़ने के लिए उनके अनुकूल बनना होगा। उनके मित्र, हितैषी बनकर कार्य करना होगा। जिससे वे हमें अपनी समस्या को निसंकोच बतला पायेंगे और आपके द्वारा उसका बेहतर तरीके से समाधान होगा। प्रखंड कार्यक्रम प्रबन्धक संदीप साहू ने कहा कि एक स्वास्थ्य सेवाप्रदाता के रूप में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। विशेष कर किशोरों के साथ आपको दोस्ताना और नम्र वयव्हार करना होगा। उनकी समस्या को ध्यान से सुनना होगा और उसका निराकरण करना होगा। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के प्रशिक्षक के द्वारा उपस्थित सहिया को किशोरावस्था में परिवर्तन ,वर्तमान में किशोरों से जुडी समस्या, सेवा लेने में चुनौतियां, एक सेवा प्रदाता के रूप मे कैसे हम किशोरों से जुडी हुई समस्या की पहचान कर उसका समाधान करें, आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी।

